आइआइएम रांची की प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन गाथा

रांची. सूचना भवन स्थित आइआइएम रांची में सोमवार को नेशनल कमीशन फॉर सिड्यूल ट्राइब (एनसीएसटी) के संयुक्त तत्वाधान में प्रदर्शनी लगायी गयी. प्रदर्शनी का थीम है : झारखंड के वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा. मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ दीवाकर मिंज और विशिष्ट अतिथि एनसीएसटी के सलाहकार रविशंकर ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. डॉ राजकिशोर हांसदा ने राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर विचार दिये. कैप्टन कुमार देवाशीष ने विद्यार्थियों को देश के इतिहास में आदिवासियों के योगदान पर शोध करने की बात कही. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि आइआइएम रांची का बिरसा मुंडा सेंटर फॉर ट्राइबल अफेयर्स आदिवासियों के विकास और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. वहीं, प्रो प्रदीप कुमार बाला ने आदिवासियों के विकास के जरूरी संसाधन और अवसर पर चर्चा की.

Prabhat Khabar_18.10.2022_Pg. 10.